कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

जागृति

वर्ष-61 अंक-7 मुम्बई जून 2017

विशालम स्टील चरखे का अनावरण और हैरिटेज चरखा संग्रहालय का शुभारंभ

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष-61 अंक-7 मुम्बई जून 2017

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष

श्रीमती अन्शु सिन्हा

सम्पादक
के. एस. राव

उप सम्पादक
सुबोध कुमार

वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक
सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार
संजय एस. सोमदे

कलाकार
चंद्रशेखर पुनवटकर,
दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं
लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
ग्रामोदय,3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित
टेलिफैक्सः 022-26719465
ई-मेलः jagritikvic@gmail.com वेबसाईटः www.kvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

इस अंक में...

समाचार सार 3 से 24

कनॉट प्लेस पर पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु आयोग की अविस्मर्णीय पहल.....

पर्यटकों को आकर्षित करता और तिहाड़ की महिलाओं द्वारा बुने गए 'गुंडी' को सामाजिक स्वीकृति दिलाता.....

राष्ट्रपति भवन में हनी मिशन.....

खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा आदित्य बिड़ला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड के मध्य विपणन अभिसरण.....

खादी बाय रेमंड- रेमंड, खादी कपड़े तथा रेडीमेड परिधानों की तैयार करेगा एक उत्कृष्ट श्रृंखला .....

आयोग द्वारा तिहाड़ जेल में मधुमक्खीपालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत.....

गुजरात के मुख्यमंत्री ने खादी संस्थाओं का दौरा किया .....

समीक्षा बैठक :केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने ग्रामोदय मुंबई में केवीआईसी की योजनाओं और .....

श्री के. के. जालान, सचिव, एमएसएमई द्वारा खादी बिक्री आउटलेट का दौरा .....

डीएलटीएफसी द्वारा पीएमईजीपी योजना के तहत 59 परियोजनाओं की सिफारिश की.....

आयोग के अध्यक्ष को एल.आय.सी. ने खादी से जुडे कारीगरों के लाभार्थ रु.3,43,800/- का चैक सौपा.....

आयोग के अध्यक्ष द्वारा नव निर्मित खादी भवन, वेजलपुर का उद्घाटन.....

अहमदाबाद में पी.एम.जी.पी. पर एस.एल.बी.सी. की बैठक संपन्न.....

आयोग की 644वीं बैठक का कार्यवृत्त.....29 से 36

लेखः अब अंग्रेज़ों को हुआ खादी से प्यार, हॉलीवुड में भी.....25 से 28

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियाँ.....37 से 48

हैरिटेज चरखा संग्रहालय के उदघाटन और विशालतम चरखे के अनावरण के सन्दर्भ में माननीय प्रधान मंत्री का सन्देश पत्र

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

MESSAGE

I am happy that a Heritage Charkha Museum is being inaugurated and a Large Steel Charkha is being unveiled at Connaught Place, New Delhi by the Khadi and Village Industries Commission (KVIC) in association with the New Delhi Municipal Council (NDMC). It is also heartening to see that Charkhas are being distributed to Khadi artisans from seven states on this occasion.

As Mahatma Gandhi himself believed, the Charkha is a symbol of our Swaraj and Self-reliance. The museum and the monument for the Charkha in the National Capital will be a proud tribute to the Charkha's historic importance in our nation.

I am sure this endeavour will help everyone to appreciate the significance of the Khadi Industry in our country and make Khadi more popular. This will economically empower the lives of several weavers associated with the Khadi industry.

I congratulate KVIC and NDMC on this endeavour and wish them all the success.

(Narendra Modi)

New Delhi
31 March, 2017

Shri V.K Saxena
Chairman
Khadi and Village Industries Commission
New Delhi

कनॉट प्लेस पर पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु आयोग की अविस्मर्णीय पहल

नई दिल्ली, 23 मई, 2017: पर्यटन के साथ चरखे को जोड़ने की प्रथम पहल को देखने के लिए एकत्रित हुए सैकड़ों लोगों की उत्साह व उल्लास देखते ही बन रहा था, जब नई दिल्ली स्थित कनॉट प्लेस, पालिका बाजार में भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह ने विशाल इस्पात (स्टील) चरखे का अनावरण और हैरिटेज चरखा संग्रहालय का उदघाटन किया – जिसमें 14 विंटेज चरखे शामिल हैं, जो सैकड़ों लोग के लिए अत्यंत अद्भुत और अविस्मर्णीय पल था। वहां अप्रत्याशित बारिश और बादलों की गड़गड़ाहट के बावजूद भी उपस्थित लोग इस सबसे बड़े इस्पात चरखे का अनावरण और हैरिटेज चरखा संग्रहालय के उद्घाटन समारोह के ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने।

अपने व्यस्त कार्यक्रम और प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद भी जिन गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी उसमें शामिल थे, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अमित शाह; केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री डॉ. महेश शर्मा; केन्द्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री श्री विजय गोयल, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री; श्री हरिभाई पार्थिभाई चौधरी, शहरी विकास राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह; संसद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी लेखी; संसद सदस्य श्री सतपाल सिंह,

भाजपा नेता श्री करण सिंह तंवर इसके अलावा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना; सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के सचिव श्री के. के. जालान; सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के संयुक्त सचिव श्री बी. एच. अनिल कुमार; एनडीएमसी के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार; आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अन्शु सिन्हा और वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश, के साथ-साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा एनडीएमसी के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष श्री अमित शाह ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा एनडीएमसी के संयुक्त सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

अपने उद्बोधन में आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री कलराज मिश्र ने कहा कि चरखा आने वाले दिनों में भारत की आर्थिक स्वतंत्रता की कहानी लिखेगा। नई दिल्ली नगर परिषद परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार ने कहा कि यह 'चरखा' न केवल नई दिल्ली क्षेत्र में बल्कि देश के समृद्धि का एक प्रतीक होगा और हमारे समग्र संस्कृति की समृद्ध

विरासत को संरक्षित करने में सूत्रपात की भूमिका निभाएगा। "चरखा केवल स्वदेशी द्वारा सादगी और आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है बल्कि यह शांति और सामंजस्य का प्रतीक भी है, इसलिए यह 'मेक इन इंडिया' के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी के दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा"। उन्होंने कहा कि "एनडीएमसी इस भारतीय विरासत को बनाये रखने के लिए चरखे और हेरिटेज संग्रहालय के संरक्षण के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। निगम परिषद, नई दिल्ली क्षेत्र को बदलने के लिए आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी माध्यम से कुशल, प्रभावी कठिन परिश्रम कर रही है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि यह

चरखा अज्ञात उन सैनिकों और अज्ञात ग्रामीण जनता का स्मारक है, जिन्होंने आत्म निर्भरता के लिए राष्ट्र पिता द्वारा दिखाये परिश्रम में गरिमामयी मार्ग का अनुसरण किया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग को चरखों के मालिकों द्वारा उपहार में दिए गए 50 से100 वर्ष पुराने इन चरखों को प्रदर्शित करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने नई दिल्ली नगर निगम की सहयोग से इस हैरिटेज चरखा संग्रहालय की स्थापना की है । उन्होंने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लुधियाना में 8 अक्टूबर 2016 को एक कार्यक्रम के दौरान चलाये गए चरखे को भी जनसामान्य के देखने के लिए स्थायी रूप से इस संग्रहालय में रखा गया है। "राष्ट्रीय राजधानी के केंद्र में स्थित यह विदेशी पर्यटकों को निश्चित रूप से लुभायेगा। महात्मा गांधी की ओजमयी

संगमरमरी प्रतिमा और इस्पात चरखा बाबा खड़क सिंह मार्ग के चारों ओर से दिखाई देगा।"

इस पहल का प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष को भेजे अपने विशेष संदेश में अभिवादन करते हुए कहा: **"महात्मा गांधीजी का स्वयं का मानना था कि चरखा हमारे स्वराज और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। राष्ट्रीय राजधानी में चरखा स्मारक व संग्रहालय हमारे देश में चरखा के ऐतिहासिक महत्व के लिए एक गौरवपूर्ण श्रद्धांजलि होगा। यह खादी उद्योग से जुड़े बुनकरों के जीवन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करेगा। "**

2.5 टन का विशाल स्टील चरखा उच्च गुणवत्ता वाली क्रोमियम निकल स्टेनलेस स्टील से बना है और जंग प्रतिरोधी, उष्णता प्रतिरोधी है। इस 12 फीट ऊंचे व 25 फीट लंबे कताई चरखे को बनाने का कार्य गुजरात में साबरमती आश्रम के निकट, खादी और ग्रामोद्योग की इकाई, खादी ग्रामोद्योग प्रयोग समिति के माध्यम से केवीआईसी द्वारा किया गया है। चरखे के लिए उच्च गुणवत्ता वाला स्टेनलेस स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) द्वारा दान किया गया है।

इस अवसर पर विभिन्न राज्यों की महिला कत्तिनों को करीब 70 लाख रुपये की

लागत के 500 नए मॉडल आठ-तकुआ चरखे दान स्वरूप प्रदान किये गए,इसके अलावा तिहाड़ जेल की10 महिला कैदियों द्वारा जीवंत चरखा प्रदर्शन भी किया गया।

पर्यटकों को आकर्षित करता और तिहाड़ की महिलाओं द्वारा बुने गए 'गुंडी' को सामाजिक स्वीकृति दिलाता- चरखा संग्रहालय

नई दिल्ली, 23 मई, 2017: सोमवार को, लगभग 40 वर्षीय ममता रानी, कनॉट प्लेस के पालिका पार्क में तिरंगा गुंडी (खादी सूत से बनी माला) के लिए अपनी बारी के इंतजार में एक लंबी कतार में खड़ी थी। "यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि यह इस हैरिटेज चरखा संग्रहालय में प्रवेश करने के लिए टिकट है।" इस प्रवेश टिकट को पाने के बाद उसने बताया, "यह तिहाड़ की उन महिला कैदियों द्वारा महात्मा गांधी के सम्मान का प्रतीक है - जो अपने अतीत को पीछे छोड़कर और अपने भविष्य को संवार रही हैं और वह भी - आत्मनिर्भरता के उपकरण चरखे के साथ-जिसे बापू द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उपयोग में लाया गया था"।

नई दिल्ली नगर निगम (एन.डी.एम.सी.) के सहयोग से खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा स्थापित हैरिटेज चरखा संग्रहालय जो महात्मा गांधी द्वारा प्रचारित और समर्थित आदर्श विचारों का एक समागम है। इसका उद्देश्य न केवल चरखा के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि तिहाड़ जेल के उन 10 महिला कैदियों को सामाजिक स्वीकृति देता है-जिन्होंने 'तीन रंग की गुंडी' की बुनाई की जिसका उपयोग 'प्रवेश टिकट' के रूप में पर्यटकों द्वारा किया जा रहा है | इसे देखने के लिए सोमवार (सप्ताह के पहले कामकाजी दिन) को ही 1,522 और मंगलवार को अपराहन 4 बजे तक 1,200 से अधिक लोग उपस्थित हुए।

इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया, दिलचस्प बात यह है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने संग्रहालय के नाम के लिए गंगा बेन महिला के नाम पर विचार किया था, जिन्होंने गांधी के लिए चरखा की खोज की थी। "इस संबंध में बड़ी चर्चा करने के पश्चात्, हमने अंतत: कुटीर का नाम 'गंगा बेन कुटीर' के रूप में चुना।" आयोग के अध्यक्ष ने कहा, "गांधी जी और गंगा बेन के लिए यह सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी ।" जेल अधिकारियों की देखरेख में महिला कैदी सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक बुनाई करती हैं । यह उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का एक तरीका है क्योंकि वे बुनाई के माध्यम से प्रति दिन 200 रुपये अर्जित करती हैं। यह निश्चित रूप से इन कैदियों को समाज में अधिक स्वीकार्य बनने में सहायक होगा, क्योंकि एक समय जब उन्हें जेल छोड़ना पड़ेगा |

इस दौरान हेरिटेज चरखा संग्रहालय के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 20 रुपये प्रवेश शुल्क ट्रायल के तौर पर तय किया गया है। एनडीएमसी के अधिकारियों में से एक ने बताया, "एक बार जब परीक्षण की पेशकश समाप्त हो जाएगी तो प्रवेश शुल्क 12 साल से कम के बच्चों के लिए 20 रुपये और वयस्कों के लिए 50 रुपये हो जाएगा।"

उल्लेखनीय है कि, नई दिल्ली नगर निगम के सहयोग से खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने हैरिटेज चरखा संग्रहालय स्थापित किया है। जिसमें 50 से 100 वर्ष पुराने चरखों को प्रदर्शित किया गया है, जो इन चरखों के मालिकों द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग को उपहार स्वरूप दिए गये हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लुधियाना में 8 अक्टूबर 2016 को एक कार्यक्रम के दौरान चलाये गए चरखे को भी जनसामान्य के देखने के लिए स्थायी रूप से इस संग्रहालय में रखा गया है।

कार्यक्रम की झलकियां:

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पालिका बाज़ार में 14 विंटेज चरखे के साथ 12 फीट ऊंचे व 25 फीट लंबे विशाल स्टील चरखे का अनावरण। 2.5 टन का विशाल स्टील चरखा उच्च गुणवत्ता वाली क्रोमियम निकल स्टेनलेस स्टील से बना और जंग प्रतिरोधी, उष्णता प्रतिरोधी है। चरखे के लिए उच्च गुणवत्ता वाला स्टेनलेस स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) द्वारा दान किया गया है।

2. नई दिल्ली नगर निगम (एन.डी.एम.सी.) के सहयोग से खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा स्थापित हैरिटेज चरखा संग्रहालय का उद्घाटन, जो महात्मा गांधी द्वारा प्रचारित और समर्थित आदर्श विचारों का एक समागम है।

हैरिटेज चरखा संग्रहालय जिसमें 50 से 100 वर्ष पुराने चरखों को प्रदर्शित किया गया है, जो इन चरखों के मालिकों द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग को उपहार स्वरूप दिए गये हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लुधियाना में 8 अक्टूबर 2016 को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चलाये गए चरखे को जनसामान्य के देखने के लिए स्थायी रूप से इस संग्रहालय में रखा गया है।

3. विभिन्न राज्यों की महिला कत्तिनों को करीब 70 लाख रुपये की लागत से 500 नए मॉडल आठ-तकुआ चरखे उपहार स्वरूप दिए गए।

4. तिहाड़ जेल की 10 महिला कैदियों द्वारा जीवंत चरखा प्रदर्शन भी किया गया। जिससे तिहाड़ जेल के उन महिला कैदियों को सामाजिक स्वीकृति की भावना भी मिलेगी।

राष्ट्रपति भवन में हनी मिशन

आयोग द्वारा राष्ट्रपति भवन में मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण की शुरूआत।

देश की राजधानी में 5,000 मधुमक्खी बॉक्स स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर आयोग ने राष्ट्रपति भवन परिसर में 500 बी-बॉक्स की स्थापना की।

नई दिल्ली: दुनिया में सर एडविन लैंडसेर लुटियंस का सबसे बड़े सभापति भवन- राष्ट्रपति भवन - ने अब प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न परियोजना (ड्रीम प्रोजेक्ट) 'स्वीट क्रांति' (मधु क्रांति) लाने की ओर ध्यान आकर्षित किया है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने आमों के रसीले पेड़, भारतीय ब्लैकबेरी (जामुन), नीम और सहजन सहित प्रचुर मात्रा में वनस्पतियों और जीवों के साथ अमृत-उत्पादक उद्यान के बारे में जानकारी लेकर, मंगलवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में राष्ट्रपति इस्टेट के बगीचे हेतु एपिकल्चर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की शुरुआत की। इस पाठ्यक्रम में लगभग 50 मालियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए, आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने मालियों को मधुमक्खी पालन के व्यापक क्षेत्र तथा मधुमक्खी वाटिका और मधुमक्खीपालन, पेड़-पौधे एंव जीव-जंतुओं के महत्व तथा इनकी देखरेख के बारे में अवगत कराया तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिए| "प्रशिक्षण के पश्चात् आयोग ने निर्णय लिया कि आयोग, राष्ट्रपति भवन के परिसर में स्थित बगीचों में विभिन्न चरणों में 500 से ज्यादा मधुमक्खी बॉक्स स्थापित करेंगा| इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष 12,500 किलोग्राम से अधिक उच्च गुणवत्तायुक्त शहद और 300 किलोग्राम बेहतर गुणवत्तायुक्त मोम उत्पादित करने के साथ-साथ, राष्ट्रपति भवन संपदा के आसपास वनस्पतियों और जीवों को बढ़ावा दिया जायेगा तथा फसल की पैदावार में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी। "यह खादी और ग्रामोद्योग आयोग एंव नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) का एक संयुक्त प्रोजेक्ट है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने दिल्ली के विभिन्न आरक्षित वन क्षेत्रों के अलावा, दिल्ली के विभिन्न बागानों में इस वर्ष 5000 मधुमक्खी बॉक्स लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें लोधी गार्डन, टालकटोरा गार्डन और नेहरू पार्क भी शामिल हैं। एनडीएमसी अधिकारियों ने भी हमारे मिशन में अपने समर्थन का हाथ बढ़ाया है।"

श्री सक्सेना ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मधुमक्खी पालन विशेषज्ञों ने शहद मधुमक्खी प्रजातियों, कॉलोनी संगठन, श्रम विभाजन और मधु मक्खियों के जीवन चक्र, विभिन्न मौसमों के दौरान शहद मधुमक्खी कालोनियों के प्रबंधन पर अनुसन्धान किया है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि माली, "मधुमक्खी कालोनियों की जांच करने, मधुमक्खी दुश्मनों और मधुमक्खियों से सम्बंधित रोगों, शहद निकासी और मोम शुद्धिकरण करने और विभिन्न ऋतुओं जैसे वसंत, ग्रीष्म, मॉनसून और सर्दियों के मौसमों में मधुमक्खी कालोनियों (उपनिवेशों) का प्रबंधन करने और प्रबंधन के साथ शहद उपनिवेशों की जाँच करने हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य- हमारे प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए 'स्वीट क्रांति' के आह्वान के बाद, प्रत्येक परिवार और प्रत्येक को उनके दैनिक जीवन के उपभोग हेतु स्वीट नेक्टर उपलब्ध कराना है। शहद, रोगप्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने और रक्त को शुद्ध करने में सहायक है | इसका एक औषधीय गुण है, यह हृदय रोगों और कैंसर जैसे प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं से शरीर को बचाता है।

जैसा कि ज्ञात है कि विगत माह में राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में, आयोग के अध्यक्ष ने राष्ट्रपति के सचिव को सुझाव दिया था कि 500 मधुमक्खी बक्से की स्थापना करके वहां से 'हनी मिशन' लॉन्च करें, जिसके लिए उन्होंने अपनी सहमति दी। इससे पहले, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 9 मई को तिहाड़ जेल क्र. 5 के कैदियों के लिए पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया था।

इस अवसर पर राष्ट्रपति की सचिव ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में नए वृक्षों के रोपण और ट्यूलिप आदि जैसे फूलों की दुर्लभ किस्मों की शुरुआत सहित बागवानी के क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन में बहुत सी नई पहलें की गई हैं। क्षेत्र की भरपूर वनस्पति को देखते हुए राष्ट्रपति भवन में निर्मित मधु उत्तम गुणवत्ता का होगा। प्रशिक्षण के बाद खादी ग्रामोद्योग आयोग राष्ट्रपति भवन परिसर में विभिन्न चरणों में 500 मधुमक्खी बक्से रखेगा। इसके अलावा, मधुमक्खी पालन से राष्ट्रपति संपदा में और उसके आसपास वनस्पति और जीवों में वृद्धि तथा फसल के कम से कम 25 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा आदित्य बिड़ला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड के मध्य विपणन अभिसरण

नई दिल्ली, 23 मई, 2017: खादी इंडिया के फैशन पावर हाउस को सशक्त बनाने और उसमें नयी ऊर्जा के संचार हेतु आदित्य बिड़ला फैशन व रिटेल लिमिटेड एंव खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने दो प्रतिष्ठित भारतीय ब्रांडों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए आज एक रणनीतिक सहभागिता की घोषणा की। यह पहल, माननीय प्रधान मंत्री के 'खादी फ़ॉर फ़ैशन' और हाथ बुने वस्त्र को बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप है । खादी और ग्रामोद्योग आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अन्शु सिन्हा और आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल लिमिटेड, बिजनेस मुख्य श्री आशीष दीक्षित ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिति में समझौता दस्तावेज का आदान-प्रदान किया । इस रणनीतिक साझेदारी के एक हिस्से के रूप में, आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल लिमिटेड के फैशन ब्रांड पोर्टफोलियो के अग्रणी मेन्सवियर ब्रांड पीटर इंग्लैंड, प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक होगा, जिसे 'खादी बाय पीटर इंग्लैंड' के रूप में एक विशेष ब्रांडेड उत्पाद लाइन का विकास किया जाएगा।

इस पार्टनरशिप (साझेदारी) पर बोलते हुए, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा "खादी, भारतीय विरासत का वस्त्र, जो महात्मा गांधी के द्वारा खोजी गई और प्रचारित की गई, जो समय के साथ और बढ़ रही है तथा बहुत कम पूंजी निवेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में एक प्रमुख रोजगार प्रदाता बन गई है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खादी खरीदने और ग्रामीण कारीगरों को समर्थन देने के लिए देशवासियों से नियमित रूप से अपील करके खादी कार्यक्रम को प्रमुख रूप में बढ़ावा दिया है। इससे खादी की

मांग में वृद्धि हुई है और मुझे यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री वर्ष 2016-17 के दौरान 50,000 करोड़ रुपये पार कर गई है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग-आदित्य बिड़ला फ़ैशन एंड रिटेल लिमिटेड के बीच यह कन्वर्जेन्स खादी को ब्रांडेड कपड़ों के बाजार में एक बड़े पैमाने पर लाने की एक प्रमुख पहल है, जो युवा वर्ग और खासकर हाई इंड बाज़ार की मांग जैसे बेहतर डिजाइन, रंग और शैली को पूरा करेगा। यह कन्वर्जेन्स खादी कारीगरों को लगभग **2** लाख व्यक्ति घंटे का कार्यदिवस प्रदान करेगा और खादी के रेडीमेड वस्त्रों में निश्चित रूप से आवश्यक पेशेवर इनपुट लाएगा।"

इस सहभागिता पर मत प्रकट करते हुए, आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल के बिजनेस हेड श्री आशीष दीक्षित ने कहा, "खादी और ग्रामोद्योग आयोग के साथ हमारी भागीदारी, नवीकरण और टिकाऊ फैशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 'राष्ट्र के वस्त्र' के रूप में जानी जाने वाली खादी-आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जो एक बहुमुखी वस्त्र है, यह पर्यावरणनुकूल है और सादगी के साथ इसमें एक उच्च-फैशन अपील है । प्रमाणिक भारतीय उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं के साथ दृढ़तापूर्वक प्रतिध्वनित होते हैं और आज हाथ निर्मित वस्त्रों की मांग बढ़ती जा रही है, जो अपने वास्तविकता से जुडी है और यह अपने सादगी और प्रचलन के बारे में बताती है। आयोग के साथ हमारी पार्टनरशिप (साझेदारी) करने का उद्देश्य - इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को हाथ-बुने वस्त्र और समृद्ध भारतीय विरासत से अवगत कराना है।"

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अन्शु सिन्हा ने इस रणनीतिक पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि "आयोग, खादी और ग्रामोद्योगों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कई नई विपणन पहल कर रहा है। इसके तहत आयोग ने पहले ही कॉरपोरेट्स, पीएसयू और सरकारी विभागों जैसे ओएनजीसी, एयर इंडिया, स्वास्थ्य मंत्रालय, जेके सीमेंट इत्यादि से थोक ऑर्डर प्राप्त किये हैं, जो खादी के लिए बाजार का विकास करेंगे और उत्पादों में डिजाइन विकास करने सम्बंधित क्षेत्र में पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने रेमंड लिमिटेड एवं आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल लि. जैसे बड़े बाजार दिगज्जों के साथ कन्वर्जेन्स विकसित किए हैं। यह दोनों संगठनों के लिए एक सफ़ल प्रस्ताव होगा और जो खादी कारीगरों को स्थायी रोजगार प्रदान करेगा। "

जैसाकि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिनियम के तहत अवधारणा है कि आयोग का कार्य- खादी अथवा ग्रामोद्योगी उत्पादों या हस्तशिल्पों उत्पादों

की बिक्री और विपणन को बढ़ावा देने और पीपीपी(मोड) के माध्यम से स्थापित विपणन एजेंसियों के साथ संपर्क स्थापित करना है। आयोग का अधिनियम, इस पहल को अनुमति देता है। इस कन्वर्जेन्स के तहत पीटर इंग्लैंड, सूती और रेशम मसलीन की प्राथमिक खरीद के साथ 5 वर्षों की अवधि के लिए खादी और खादी उत्पादों की गारंटीकृत न्यूनतम खरीद करने के लिए सहमत हो गया है। यह साझेदारी न केवल खादी कारीगरों और संस्थाओं को एक निश्चित बाजार प्रदान करेगी बल्कि खादी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों की दक्षता में वृद्धि प्रदान करेगी तथा इससे वस्त्र और सूत के डिजाइन को उन्नत करने में सहायता होगी और स्थायी रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

'खादी वाय पीटर इंग्लैंड' भारतीय लोकाचारों

और नवीनतम विचारधाराओं का एक समिश्रण हैं, खादी को एक फैशनेबल वस्त्र के रूप में पेश करना सुनिश्चित है। इस रणनीतिक साझेदारी के एक हिस्से के रूप में, पीटर इंग्लैंड भी तकनीकी विशेषज्ञों को उपलब्ध कराने के साथ ही पूरे देश में खादी विनिर्माण समूहों में डिजाइन इंटरवेंशन (हस्तक्षेप) करेगा। इसके अतिरिक्त, पीटर इंग्लैंड ओटीसी बिक्री के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के विभागीय बिक्री केन्द्रों के माध्यम से अपने कपड़ों के ब्रांडों के लिए क्राफ्टिंग कपड़ों के सभी भारतीय खादी किस्मों की खरीद करेगा। इसके साथ ही, खादी लोगो को विजुअल मार्केटिंग के माध्यम से पीटर इंग्लैंड स्टोर में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां पर खादी उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। वर्तमान में, खादी को खादी ग्रामोद्योग भवन के बिक्री केन्द्रों और खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा खादी और ग्रामोद्योग मंडल द्वारा वित्तपोषित संस्थानों द्वारा संचालित बिक्री केन्द्रों के माध्यम से विपणन किया जा रहा है।

'खादी वाय पीटर इंग्लैंड' पूरे देश के पीटर इंग्लैंड के स्टोरों, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के बिक्री केन्द्रों, प्रमुख ई-कॉमर्स पोर्टल में उपलब्ध होगी | पीटर इंग्लैंड ब्रांड की बिक्री करने के लिए करीब 700 रिटेल बिक्री केंद्र हैं और ये सभी नए खादी रेंज के विपणन के लिए शामिल होंगे।

KHADI by Raymond - भारत का पहला ब्रांडेड खादी लेबल

रेमंड, खादी कपड़े तथा रेडीमेड परिधानों की तैयार करेगा एक उत्कृष्ट श्रृंखला

मुंबई, 18 मई, 2017: "गांधीजी और मोदीजी का वैश्विक बाजार में खादी को बढावा देने का सपना तब तक पूरा नहीं होगा जब तक कि हम उद्यमिता के मार्ग को स्वीकार नहीं करेंगे"-यह बात केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने रेमंड लिमिटेड समूह द्वारा मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में 'खादी बाय रेमंड इंडिया' के पहले ब्रांडेड खादी लेबल के औपचारिक लोकार्पण के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि "रेमंड के साथ सार्वजनिक निजी साझेदारी से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे बाजार संबंधों को सुनिश्चित किया जा सकेगा एवं इससे मांग में वृद्धि होगी और कारीगर भी लाभान्वित होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि हाथ बुना, हाथ कता "कार्बन रहित" खादी वस्त्र- ग्रीष्म में शीतलता और शीत ऋतु में गर्मी प्रदान करता है और इसमें प्रकृतिनुकूल और त्वचानुकूल होने का एक अनोखा गुण है। श्री सिंह ने यह भी जानकारी प्रदान की कि "सौरचालित कताई चरखा, भावी पांच वर्षों में सम्पूर्ण राष्ट्र में पांच करोड़ लोगों को रोजगार

प्रदान करने में सक्षम होगा । सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री ने आगे कहा कि सौर चरखे से हरित आर्गेनिक खादी सूत बनता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। इस चरखे से अधिक से अधिक रोजगार का सृजन होगा और सूत की लागत कम होने से खादी प्रतिस्पर्धात्मक बनेगी।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा, "यह एक ऐतिहासिक क्षण है और खादी के साथ बुद्धिजीवियों का एक संयोजन है, जो उत्कृष्ट खादी परिधानों के लिए लाभदायी है। इस पहल से खादी बाजार (मार्केट) के लिए नए मार्ग खुलेंगे और इससे हमारे देश के ग्रामीण कारीगरों के जरूरतों की पूर्ति होगी एवं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन से सभी भारतीय खादी को अधिक से अधिक उपयोग में लाएगें । उन्होंने आगे कहा कि "खादी बाय रेमंड" खादी सूत के मिश्रणों की एक अति सुंदर श्रेणी होगी और भारतीय संस्कृति के साथ रेमंड की समृद्ध विरासत को कायम रखेगी और जो आज के विवेकाशील भारतीय ग्राहक के साथ तालमेल बैठाती है। इस समझौते से कारीगरों के लिए तीन लाख मानव घंटे का रोजगार सृजन होगा। यह खादी क्षेत्र में सफलता का एक नया अध्याय भी जोड़ेगा|

इस अवसर पर बोलते हुए रेमंड लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री गौतम हरि सिंघानिया, ने कहा; "यह वास्तव में खादी के लिए गर्व का क्षण है - खादी हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो के एक भाग के रूप में हमारे राष्ट्र का वस्त्र है| हमारा उद्देश-नवीनतम डिजाइन प्रवृत्तियों को स्वीकार करना और उसकी गुणवत्ता बढ़ाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में हमारा ध्येय रेमंड खादी को एक पसंदीदा खादी वस्त्र के रूप में परिवर्तित करना है और माननीय प्रधान मंत्री जी के विजन "खादी फॉर फैशन" को बढ़ावा देना और "मेक

इन इंडिया" की पहल के लिए हमारी प्रतिबद्धता को बहाल करना है।

इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित महात्मा गांधी की पोती सुश्री सुमित्रा कुलकर्णी गांधी ने खादी का पुनः स्मरण किया और इस स्वदेशी वस्त्र

को एक मिशन के साथ स्वीकार करने की अपील की जिससे कातिनों, बुनकरों और उत्पादकों की मदद हो सके। उन्होंने आशा जतायी कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग एंव रेमंड के मध्य यह साझेदारी निश्चित रूप से इस उद्देश्य और एक मकसद के रूप में कार्य करेगी।

यह भव्य समारोह में अन्य माननीय अतिथियों की उपस्थिति का भी साक्षी बना। कार्यक्रम में माननीय मंत्री (उद्योग एवं खनन), महाराष्ट्र सरकार श्री सुभाष देसाई, माननीय मंत्री (शिक्षा), गुजरात सरकार श्री भूपेंद्र सिन्हा चुडासमा, खादी और ग्रामोद्योग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री अन्शु सिन्हा और वित्तीय सलाहकार सुश्री उषा सुरेश के अतिरिक्त अन्य लोग ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई।

फ़ैशन शो में कई मॉडलों ने रेमंड खादी से बनाए गये भव्य संग्रह को प्रदर्शित किया, जिसमें प्रत्येक अवसर के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय वस्त्र, आरामदायक पोशाक, स्मार्ट फोर्मल्स और एथनिक परिधान शामिल थे।

प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन और फिल्म अभिनेता कबीर बेदी और भारतीय फिल्म अभिनेत्री तन्निष्ठ चटर्जी

ने शाम को एक साथ भारत की स्वतंत्रता और खादी को आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में स्मरण करते हुए पुरानी यादों का पुनः स्मरण किया|

यह पहल खादी मार्क विनियम अधिनियम के तहत संकल्पित है और यह, ग्रामीण उद्योगों के उत्पादों या खादी या खादी उत्पादों तथा हस्तशिल्पों की बिक्री और विपणन को बढ़ावा देने और पीपीपी मोड के माध्यम से विपणन एजेंसियों के साथ लिंक स्थापित करने हेतु

रेमंड को अनुमति देता है। इस कनवर्जेन्स के तहत रेमंड ने 5 साल की अवधि के लिए खादी और खादी उत्पादों के साथ-साथ मसलिन खादी, सूती खादी, ऊनी मिश्रित और रेशम खादी के प्राथमिक न्यूनतम खरीद के लिए सहमति जताई है। यह सामरिक साझेदारी

(पार्टनरशिप), पूरे देश में कई रेमंड बिक्री केन्द्रों के साथ-साथ चुनित अंतरराष्ट्रीय बाजारों के माध्यम से खादी के लिए नए द्वार खोलेगा।

पहल के एक भाग के रूप में रेमंड, सभी भारतीय खादी के विभिन्न किस्मों की खरीद करेगा और अंतिम परिष्करण की प्रक्रिया के लिए विनिर्माण संयंत्रों को भेजेगा ताकि बेहतर और गुणवतायुक्त उत्पाद सुनिश्चित किए जा सके। रेमंड, सम्पूर्ण देश में खादी उत्पादन करने वाले क्लस्टरों को भी डिजाइन इन्टरवेंशन (हस्तक्षेप) के क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध कराएगा। यह पार्टनरशिप, खादी उत्पादन की संपूर्ण बहुमूल्य श्रृंखला में रेमंड द्वारा खादी के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने की दिशा में एक नयी कहानी बुनने का प्रतीक है।

रेमंड खादी उत्पाद, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के बिक्री केन्द्रों के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत के रेमंड दुकानों और प्रमुख ई-कॉमर्स पोर्टल्स पर उपलब्ध होंगे।

आयोग द्वारा तिहाड़ जेल में मधुमक्खीपालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

शहद मिशन के तहत 'स्वीट इकोनोमी' को बढ़ावा देने के लिए 50 युवा कैदियों को प्रशिक्षित किया गया

नई दिल्ली: प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीजी की 'मधु क्रांति' और 'कौशल भारत' जैसी स्वप्निल परियोजनाओं से प्रेरित होकर, तिहाड़ जेल के युवा कैदियों के लिए पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मंगलवार को जेल नंबर 5 में आयोजित किया गया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए इस पाठ्यक्रम में 20 से 25 आयु वर्ग के 50 कैदियों ने भाग लिया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने इस सम्बन्ध में प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खी पालन के क्षेत्र और इसके महत्त्व के बारे में विस्तृत रूप में जानकारी प्रदान की तथा मधुमक्खी पालन की शुरुआत करने हेतु सुझाव दिए। उन्होंने, मधुमक्खी पालन के अर्थशास्त्र एंव शहद की मार्केटिंग सम्बंधित रणनीति तथा मधुमक्खी पालन के मूल्य के बारे में भी जानकारी दी। अध्यक्ष महोदय ने यह भी अवगत कराया कि "प्रशिक्षण के पश्चात् आयोग, जेल परिसर में हरियाली के मध्य 500 से अधिक मधुमक्खी बक्से स्थापित करेगा - ये बक्से न केवल प्रति वर्ष 12,500 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाले शहद और 300 किलोग्राम बेहतर गुणवत्ता के मोम का उत्पादन करेंगे, बल्कि यह जेल परिसर में चारों ओर वनस्पतियों और जीवों को बढ़ावा देंगे, क्योंकि मधुमक्खियां करीब 2 किलोमीटर तक उड़ती हैं और परागण के माध्यम से फसल उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि होती है। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा आयोग के तकनिकी विशेषज्ञ मधु मक्खी की प्रजातियों, उपनिवेश संगठन, श्रम विभाजन और मधु मक्खियों के जीवन चक्र, विभिन्न मौसमों के दौरान शहद मधुमक्खी कालोनियों के प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण के दौरान और भी जानकारी प्रदान करेंगे।

श्री सक्सेना ने आगे कहा कि मधुमक्खी कालोनियों की जांच, मधुमक्खी दुश्मनों और रोगों, मधु निकासी और मोम शुद्धिकरण और वसंत, ग्रीष्म, मॉनसून, शरद ऋतु, सर्दियों के मौसम में मधुमक्खी कालोनियों का प्रबंधन और प्रबंधन के साथ मधुकोशों के सम्बन्धों की परीक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। "हमारा उद्देश्य, प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए

"स्वीट क्रांति" के आह्वान के बाद, हमारे और प्रत्येक परिवार को उनके दैनिक उपयोग लिए शहद उपलब्ध कराना है। शहद, रोगप्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने और रक्त को शुद्ध करने में सहायक है | इसका औषधीय गुण है यह हृदय की बीमारियों और कैंसर जैसे प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं से शरीर की रक्षा करता है।" खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पूर्व में ही इस वर्ष दिल्ली में विभिन्न बागानों, फार्महाउसों और कॉलेजों में 5000 मधुमक्खी बक्से स्थापित करने की योजना बना ली है, दिल्ली में सामुदायिक रूप में शहद की खेती प्रारंभ करने से तदन्तर में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

महानिदेशक (जेल) श्री सुधीर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि कैदियों के पुनर्वास और सुधार कार्यक्रम के एक भाग के रूप में मधुमक्खी पालन या मधुमक्खी खेती में प्रशिक्षित होने के पश्चात् , कैदी कौशल सीख सकते हैं और जेल की अवधि समाप्त करने के पश्चात्, अपनी आजीविका कमाने के लिए इसको उपयोग में ला सकते हैं। खादी और ग्रामोद्योग आयोग, हाल के दिनों में 'हनी मिशन' का मशाल संवाहक बना है, वह मधुमक्खी बक्से के साथ छत्ते और अन्य विविध सामग्रियां प्रदान करेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि आयोग, इसको उपयोग में लाने के बारे में भी प्रशिक्षित करेगा, हम जल्द ही अपने ही शहद का उत्पादन करेंगे और इसकी बिक्री भी करेंगे। यह कैदियों को सुधारने और उनका पुनर्वास करने का हिस्सा है।"

गुजरात के मुख्यमंत्री ने खादी संस्थाओं का दौरा किया

गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी ने अपने अमरेली जिला के दौरे के दौरान 5 मई 2017 को सघन क्षेत्र योजना, वंडा जिला अमरेली का दौरा किया। संस्था के प्रमुख एवं गाँधीवादी श्री प्यारअली हालाणी ने माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत किया एवं संस्था की गतिविधियों से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

सघन क्षेत्र योजना वंडा संस्था गुजरात की एकमात्र संस्था है, जो मसलिन खादी उत्पादन कार्य करती है, जिसने पिछले वर्ष से बेंत व बांस मसलिन (Cane and Bamboo muslin) खादी का उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है, इस प्रकार अन्य वनस्पति रेशों का मसलिन खादी में प्रयोग कर उत्कृष्ट प्रकार की खादी का उत्पादन करती है, पारंपरिक खादी कत्तिन बुनकरों के साथ साथ मुस्लिम कत्तिनें भी इस कार्य के साथ जुड़ी है। संस्था का अपना कोई बड़ा फुटकर बिक्री केन्द्र नहीं है, अधिकॉश बिक्री होलसेल अथवा खादी प्रदर्शनियों में बेची जाती है। संस्था सूती खादी में लगातार प्रयोग करती है। माननीय मुख्यमंत्री ने संस्था के कार्य से संतोष व्यक्त किया एवं कार्य की सराहना की।

समीक्षा बैठक

केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह, ने ग्रामोदय मुंबई में केवीआईसी की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, संयुक्त सचिव, एमएसएमई श्री अनिल कुमार तथा आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अन्शु सिन्हा की उपस्थिति में कार्यवाही संपन्न हुई।

श्री बी. एच. अनिल कुमार, संयुक्त सचिव एमएसएमई, आयोग मुख्यालय, मुंबई में केवीआईसी की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती अन्शु सिन्हा भी उपस्थित थी।

सचिव, एमएसएमई द्वारा खादी बिक्री आउटलेट का दौरा

श्री के. के. जलान, आईएएस, सचिव, एमएसएमई, भारत सरकार, नई दिल्ली ने 1 9 मई 2017 को तंजौर के पश्चिम सर्वोदय संघ, तंजौर द्वारा संचालित वातानुकूलित बिक्री आउटलेट, खादी ग्रामोद्योग भवन का दौरा किया। आयोग द्वारा केआरडीपी योजना के अंतर्गत भवन के नवीनीकरण के लिए 210 लाख रूपए की निधि प्रदान की गई है।

अपने दौरे के दौरान सचिव महोदय ने भवन के परिसर में एक पौधे का भी रोपड़ किया। ☆

डीएलटीएफसी द्वारा पीएमईजीपी योजना के तहत 59 परियोजनाओं की सिफारिश की

पीएमईजीपी योजना के तहत दक्षिण अंडमान जिला से प्राप्त ऋण आवेदनों पर कारवाई करने हेतु जिला उद्योग केंद्र के लिए डीएलटीएफसी के साथ अंडमान और निकोबार खादी और ग्रामोद्योग मंडल के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यबल समिति (डीएलटीएफसी) की 61 वीं बैठक 17 मई 2017 को जिला कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर में संपन्न हुई। यह बैठक श्री महेश कुमार गुप्ता, डीएएनआईसीएस, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दक्षिण अंडमान जिला की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक के दौरान उद्योग निदेशक श्री अजीत आनंद, डीआईसी के महाप्रबंधक श्री गौतम मंडल, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य कार्यालय के प्रमुख जिला प्रबंधक श्री पी.के. उम्मर फारूक, भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री मनोज कुमार, एमएसएमई-डीआई उप निदेशक [प्रभारी) श्री एमके अंजनाय, डीबीआरआईटी के विभागाध्यक्ष (इलेक्ट्रिकल) श्री अरुण श्रीवास्तव, अंडमान और निकोबार राज्य को-ऑपरेटिव बैंक, सिंडिकेट बैंक, एनवाईकेएस के प्रतिनिधि, लिटिल अंडमान पंचायत समिति के प्रधान सुश्री सीमा सरकार, हेवलॉक पंचायत समिति के सदस्य आलोक मृदा, शोल बे, ग्राम पंचायत प्रधान सुश्री मैरी पुष्पा ने भाग लिया। ☆

आयोग के अध्यक्ष को एल.आय.सी. ने खादी से जुडे कारीगरों के लाभार्थ रु.3,43,800/- का चैक सौंपा

दिनांक 15 मई 2017 को आम आदमी बीमा योजना के अंतर्गत एल आय सी द्वारा खादी से जुडे कारीगरों के कुल 573 बच्चों को प्रति विधार्थी 600/-रुपये का स्कोलरशिप राशि दावे के रूप में कुल रु.3,43,800/-का चैक आयोग को सौपा गया। आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय को यह चैक एलआयसी अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर राज्य निदेशक श्री संजय हेडाऊ उपस्थित थे।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने एलआससी द्वारा खादी से जुडे कारीगरों के लिए किये गए कल्याणकारी प्रयासों सराहना की। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने एलआयसी अधिकारी को चरखा, स्मृतिचिन्ह के रुप में दिया।

इस अवसर पर राज्य कार्यालय में संस्था प्रतिनिधियों को एलआयसी आम आदमी योजना के संबंध में जानकारी भी दी गयी।

मधुमक्खीपालन को बढ़ावा देने हेतु बैठक

आयोग के निदेशक, एबीएफपीआई श्री एम. टी. वाकोडे ने बनास डेयरी पार्लर, जिला बनासकांठा के प्रतिनिधि के साथ हुई एक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में आयोग के राज्य निदेशक, राज्य कार्यालय, अहमदाबाद श्री एस. जी. हेडाऊ और सहायक निदेशक श्री जगबीर सिंह भी उपस्थित थे।

आयोग के अध्यक्ष द्वारा नव निर्मित खादी भवन, वेजलपुर का उद्घाटन

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिनांक 14 मई, 2017 को श्री सर्वोदय विद्या विहार ट्रस्ट, जोरावरनगर संस्था के नव निर्मित खादी ग्रामोद्योग भवन, वेजलपुर, अमदाबाद का उदघाटन किया।

इस अवसर पर स्थानीय वेजलपुर विधानसभा के विद्यायक श्री किशोर भाई चौहाण, आयोग के राज्य निदेशक श्री संजय हेडाऊ, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा वेजलपुर के स्थानीय लोग उपस्थित थे।

आयोग की भवन रिनोवेशन योजना के अंतर्गत संस्था को 15.00 लाख दिये गये हैं।

संस्था वर्ष 2009-10 में संस्था का उत्पादन 10.00 लाख रुपए था एवं 25 कारीगर कार्य करते थे, जो इस वर्ष बढकर 2016-17 में उत्पादन 81.00 लाख रूपए तथा कारीगरों की संख्या 118 हो गयी। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन में टेलरिंग सुविधा, ए/सी सुविधा, सीसीटीवी कैमेरे, डिजिटल भुगतान सुविधा, ग्राहकों के लिए मिनरल वॉटर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

आयोग के अध्यक्ष महोदय ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की।

अहमदाबाद में पी.एम.जी.पी. पर एस.एल.बी.सी. की बैठक संपन्न

गुजरात सरकार के प्रधान सचिव, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग श्री ए.के. राकेश की अध्यक्षता में 09 मई, 2017 को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक अहमदाबाद में संपन्न हुई।

इस अवसर पर वर्ष 2016-17 में उल्लेखनीय प्रगति के लिए बैंक ऑफ बडौदा को प्रथम, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को दूसरे एवं कारपोरेशन बैंक को तीसरे स्थान के लिए बैठक के अध्यक्ष श्री ए.के. राकेश, आईएएस द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। बैठक में आयोग के राज्य निदेशक श्री संजय हेडाऊ ने सभी बैंकों को उनके बेहतर कार्य एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया।

अब अंग्रेज़ों को हुआ खादी से प्यार, हॉलीवुड में भी दिखी खादी की चमक

-चिरंतना भट्ट

इसी साल रिलीज़ हुई डिज़नी की इंग्लैंड में बनाई हुई फ़िल्म 'ब्यूटी एंड दी बीस्ट' में कई किरदारों ने खादी के कपड़े पहने है.

एक वक़्त था जब अंग्रेज़ो को खादी से परहेज़ था. उनके लिए वह एक ऐसा शस्त्र था जिसे हिंदुस्तानी लोगों ने अपनी स्वतंत्रता के लिए उठाया था.

लेकिन उस लड़ाई को अब कई साल बीत चुके हैं और वह खादी जिसे देख कर अंग्रेज़ मुंह फ़ेर लेते थे वह अब अंग्रेज़ी में बनने वाली फ़िल्मों तक पहुंच चुकी है. हॉलीवुड की फ़िल्मों में खादी यूज़ होने लगी है और इन फ़िल्मों से जुड़े डिज़ाईनर्स 'सस्टेनेबल फैब्रिक' के साथ काम करने पर बड़ा गर्व महसूस करते हैं.

वैसे हॉलीवुड अमेरिका में है और इस लिए हम सीधा ये तो नहीं कह सकते कि खादी अंग्रेज़ों तक पहुंची है. लेकिन इसी साल रिलीज़ हुई डिज़नी की इंग्लैंड में बनाई हुई फ़िल्म 'ब्यूटी एंड दी बीस्ट' में कई किरदारों ने खादी के कपड़े पहने है.

यही नहीं 2015 में बनी फ़िल्म 'पैन' के किरदार कैप्टन हुक ने पूरी फ़िल्म में खादी का शर्ट पहना है. जिस खादी को भारत में लोग राजनेताओं के साथ या तो एक्टिविज़म के साथ जोड़ते हैं, उसे फैशनेबल नहीं मानते उसी खादी का हॉलीवुड में बोलबाला है. गांधी की इस खादी को हॉलीवुड पहुंचाने का श्रेय गुजरात की शैलीनी शेठ अमीन को जाता है.

2015 में बनी फ़िल्म 'पैन' के किरदार कैप्टन हुक ने पूरी फ़िल्म में खादी का शर्ट पहना है.

मोरल फायबर के स्थापक और सीईओ शैलिनी वैसे तो आर्किटेक्चर पढ़ीं हैं लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से जुड़ी शैलीनी को खादी ने हमेशा आकर्षित किया. उन्होंने बताया, खादी सोशली और पर्यावरण के लिए भी सस्टेनेबल कपड़ा है. खादी बनाने में अन्य वस्त्र से कम बिजली लगती है और लोगों को रोज़गार भी मिलता है. वेब आधारित काम होने की वजह से हमारे पास विदेशी ग्राहकों की संख्या ज़्यादा है. वैसे अब भारत में भी खादी के

प्रति रुचि बढ़ रही है.

हॉलीवुड तक खादी पहुंचने की कहानी बताते हुए शैलीनी ने कहा, "लंदन के कुछ स्टोर्स में मोरल फाइबर से कपड़ा बिक्री के लिए जाता है. उसे देखकर एक महिला ने मुझसे संपर्क किया. क्लैर फ़िल्मों के लिए सोर्सिंग एजेंट का काम करती थी."

जब मैं लंदन गई तब क्लैर ने कहा कि मुझे जैक्लीन दुरां को मिलना है. मिलने से पहले मैंने उनके बारे में पढ़ा तो पता चला कि वह एक ब्रिटिश



कॉस्ट्यूम डिज़ाईनर हैं जिन्हें 'प्राईड एंड प्रेजुडिस' के कॉस्ट्यूम के लिए ऑस्कर से सम्मानित किया गया है. दुरां ने 'आन्ना केरेनिना', 'मैकबेथ' जैसी कई फ़िल्मों के लिए कपड़े डिज़ाइन किए हैं.

दुरां तब 'पैन' फ़िल्म पर काम कर रही थीं और उन्होंने कैप्टन हुक के किरदार के लिए खादी का शर्ट डिज़ाइन किया. कैप्टन हुक का किरदार उसी शर्ट में नज़र आता है. मोरल फाइबर से भेजे गए कपड़े फ़िल्म में इस्तेमाल किए गए और फ़िर डिज़्नी की फ़िल्म 'ब्यूटी एंड दी बीस्ट' में भी साथी कलाकारों के लिए खादी को चुना गया.

शैलीनी बताती हैं, "वहां इंडस्ट्री सस्टेनेबिलिटी को लेकर सतर्क है और इसी लिए टेक्सटाइल उद्योग में सस्टेनेबिलिटी के विचार को ज़ोर दिया जा रहा है. अगली फ़िल्म 'मेरी मेग्डलीन' के लिए भी मोरल फाईबर के कपड़े लिए जाएंगे. 'ब्युटी एंड दी बीस्ट' फ़िल्म की मुख्य अभिनेत्री एम्मा वॉट्सन ने भी एथिकल और सस्टेनेबल फैशन के प्रचार प्रसार का बीड़ा उठाया है."

भारत जिसे एक ज़माने में 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' कहा जाता था उसका ऐसा स्वदेशी फैब्रिक हॉलीवुड पहुंचा है जिससे अंग्रेज़ो का विरोध किया गया. स्वदेशी खादी को अपने डिज़ाईन में यूज़ करने वाली जैक्लीन दुरां भी ब्रिटिश महिला है.

भारत की अन्य कलाएं भी हॉलीवुड पहुंच रही हैं. जैसे 'ब्यूटी एंड दी बीस्ट' फ़िल्म में ऐम्मा वॉट्सन के पहने हुए एक ड्रेस पर भुज, गुजरात के जुमा और कासम ने आरी वर्क से कढ़ाई कर के बेल बूटे का काम किया था.

साभार:न्यूज़ 18 इंडिया

आयोग की 644वीं बैठक का कार्यवृत्त

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 644वीं बैठक दिनांक 25 अप्रैल, 2017 को नई दिल्ली में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थे:- श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, श्री जय प्रकाश तोमरआंचलिक सदस्य (मध्य अंचल),श्री जी. चन्द्रमौलि आंचलिक सदस्य (दक्षिण अंचल),डॉ. संगीता कुमारीआंचलिक सदस्य (पूर्वी अंचल),श्री नारायण चंद्र बोरकाटकीआंचलिक सदस्य (पूर्वोत्तर अंचल),श्री अशोक भगतविशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान और विकास),श्री राजेंद्र प्रताप गुप्ताविशेषज्ञ सदस्य (विपणन),श्रीमती सुमन लता गुप्ताउप महाप्रबंधक, एसएमई, भारतीय स्टेट बैंक,श्री बी. एच. अनिल कुमार संयुक्त सचिव (सु.ल.म.उ.), श्रीमती अंशु सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, श्रीमती ऊषा सुरेश,वित्तीय सलाहकार, खादी और ग्रामोद्योग आयोग। बैठक में अन्य अधिकारी में श्री मोहित जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, श्री सत्य पाल,संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, श्री के.एस.राव, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रमंरोसूका / प्रचार / विपणन / आईटी /एफबीएए / विधिक मामले), श्री वाई. के. बारामतीकर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प. अं. / क्ष. नि. / सं. से. / वि. प्रौ. / एसबीसी / एलआर/प्रशासन), श्री डी. धनपाल, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (खादी / केपीएम / आरआईडी / अर्थ-अनुसंधान), श्री सत्य नारायण, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आयोग प्रकोष्ठ) उपस्थित थे।

शुरुआत में उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आयोग प्रकोष्ठ) ने सभी सदस्यों का खादी और ग्रामोद्योग आयोग की नई दिल्ली में दिनांक 25 अप्रैल, 2017 को आयोजित 644वीं बैठक में स्वागत किया।

मद संख्या 01: खादी और ग्रामोद्योग आयोग की दिनांक 29 मार्च, 2017 को मुंबई में आयोजित 643वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

आयोग ने दिनांक 29 मार्च, 2017 को मुंबई में आयोजित खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 643वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की। कार्यवृत्त की पुष्टि के दौरान उठाए गए मुद्दों को अनुलग्नक-I में अवलोकनार्थ रखा गया है।

मद संख्या 02: दिनांक 29 मार्च, 2017 को अहमदाबाद में आयोजित खादी और अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट।

आयोग ने दिनांक 29 मार्च, 2017 को अहमदाबाद में आयोजित आयोग की 642वीं बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों पर अनुलग्नक-II में रखे 'अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट' से उठे मुद्दों को नोट किया।

मद संख्या 03: खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थानांतरण नीति पर प्रशासन निदेशालय का प्रस्ताव।

1. आयोग ने प्रशासन निदेशालय के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और निम्नलिखित अवलोकन किए:

1. कॉलम संख्या 6 में बार-बार उल्लिखित 'केन्द्रीय कार्यालय कर्मचारी' के रूप में विवरण तथा मसौदा दिशानिर्देशों में अन्यत्र इस प्रकार के उद्धरणों को हटाया जाना चाहिए, क्योंकि 'केन्द्रीय कार्यालय कर्मचारी' के नाम पर कोई अलग संवर्ग नहीं है।

2. मसौदा प्रस्ताव की पेचीदगियों को ध्यान में रखते हुए; आयोग ने "सामान्य" (मद संख्या 21) के अंतर्गत शर्त संख्या 7 एवं 8 (कॉलम संख्या 5) को निम्नानुसार संशोधित करने का निर्णय लिया:

7. आयोग को किसी भी कर्मचारी को आयोग के हित में किसी भी समय, कहीं भी तथा कार्य आवश्यकतानुसार किसी भी अवधि के लिए स्थानांतरित करने की शक्तियां प्राप्त हैं, और ऐसे मामलों में स्थानांतरण आदेश को कार्यान्वित करने के दौरान आयोग की स्थानांतरण नीति कोई भी

बाधा नहीं बनेगी।

8. किसी भी अत्यावश्यकता / आकस्मिकता / राष्ट्रीय विपदा इत्यादि के दौरान, आयोग के पास किसी भी कर्मचारी को आयोग के हित में किसी भी समय, कहीं भी तथा कार्य आवश्यकतानुसार किसी भी अवधि के लिए स्थानांतरित करने का अधिकार होगा; और ऐसे मामलों में स्थानांतरण आदेश को कार्यान्वित करने के दौरान आयोग की स्थानांतरण नीति कोई भी बाधा नहीं बनेगी।

3.आयोग ने आगे निर्णय लिया कि चूंकि 'राज्य संवर्ग' को 'अखिल भारत संवर्ग' के तौर पर मौजूदा/विद्यमान भती नियमों में प्रतिस्थापित किया गया है, आयोग के कर्मचारियों को राज्य/मंडलीय कार्यालयों से किसी भी अन्य राज्य/मंडलीय कार्यालयों (अंतर प्रदेशीय स्थानांतरण) में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसमें केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से किसी भी राज्य/मंडलीय कार्यालय तथा किसी भी राज्य/मंडलीय कार्यालय में किया जाना शामिल है, और इसे मसौदा स्थानांतरण दिशानिर्देशों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

4. आयोग ने आगे निर्देशित किया कि मौजूदा/विद्यमान भती नियमों के अनुसार अनुमोदित कर्मचारियों के पदनामों का उपयोग 'मसौदा स्थानांतरण नीति/दिशानिर्देशों'' में किया जाना चाहिए।

5. आयोग ने संयुक्त सचिव, सू.ल.म.उ. के अवलोकनों पर सहमति जताई और निर्देश दिया कि स्थानांतरण के विचारार्थ/औचित्यपरक क्षेत्र होने के लिए मसौदा प्रस्ताव में शब्द "समकक्षों" के उपयोग को बंद किया जाना चाहिए जैसा कि मसौदा स्थानांतरण नीति/दिशानिर्देशों" के क्रम संख्या 3 कॉलम संख्या 4 एवं 6 में देखा गया है।

6.आयोग ने संयुक्त सचिव, सू.ल.म.उ. के इस अवलोकन पर भी सहमति जताई और निर्देशित किया कि लेखा-परीक्षकों, जो अखिल भारत संवर्ग से संबंध रखते हैं, को राज्य/मंडलीय कार्यालयों से किसी भी अन्य राज्य/मंडलीय कार्यालयों (अंतर प्रदेशीय स्थानांतरण) में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसमें केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से किसी भी राज्य/मंडलीय कार्यालय तथा राज्य/मंडलीय कार्यालय से केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में किया जाना शामिल है, और इसे मसौदा स्थानांतरण दिशानिर्देशों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

7.अंत में, आयोग ने निर्देशित किया कि सभी उपरोक्त संशोधनों को सम्मिलित किया जाए, और पूरे 'मसौदा स्थानांतरण नीति/दिशानिर्देशों' को पुनः तैयार किया जाना चाहिए, जो कि बहुत ही विशिष्ट हो तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अनुमोदित भर्ती नियमों के अनुसार हो, तथा इसे आयोग की आगामी बैठक में विचारार्थ रखा जाए।

कार्रवाई: उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)

मद संख्या 04: खादी प्रमाणपत्र निदेशालय द्वारा खादी प्रमाणपत्रों के नवीनीकरण के संबंध में प्रस्ताव।

1. आयोग ने प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया और अवलोकन किया कि नई खादी संस्थाओं के ऐसे सौ से अधिक मामले हैं जिन्हें हाल ही में आयोग की सीधी सूची में शामिल किया गया है, लेकिन उनका 'खादी पंजीकरण प्रमाणपत्र' उनके द्वारा निबंधनों व शर्तों की पूर्ति न कर पाने के कारण लंबित है, जिस कारण उक्त संस्थाएं अपनी खादी उत्पादन गतिविधियों को प्रारंभ नहीं कर पा रही हैं।

